बरेली, रविवार
13 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4+4=26

दैनिक जागरण

PAGE NO : 1 TOP

**टूर्नामेंट :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल में क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 10 बजे।

PAGE NO : 02 TOP

# मेडन ओवर में पांच विकेट लेकर विद्या वर्ल्ड के लकी ने दिलाई जीत

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को मिशन एकेडमी ने जीता मैच
- राधा माधव व सोबतीज पब्लिक स्कूल की टीमों के पांच-पांच खिलाड़ी नहीं खोल सके खाता

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के चौथे दिन शनिवार को खेले गए दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों को ताबड़तोड़ बल्लेबाजी, शानदार क्षेत्ररक्षण और करिश्माई गेंदबाजी देखने को मिली। विद्या वर्ल्ड स्कूल के गेंदबाज लकी ने मेडेन ओवर में पांच विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं, मिशन एकेडमी के कप्तान असद नदफ ने 62 गेंदों में छह छक्कों और 13 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों को मैन आफ द मैच चुना गया।

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी (सीईटी) की ओर से आयोजित टूर्नामेंट के सातवें मैच में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली मिशन एकेडमी की टीम ने कप्तान असद नदफ के नाबाद 128 रन, रोहित मरांडी के 20 रन और हिमांशु गंगवार के 44 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 211 रन बनाए। जवाब में राधा माधव पब्लिक स्कूल की टीम बड़े स्कोर के दबाव में बिखर गई और 12.3 ओवर में 48 रन ही बना सकी। मिशन एकेडमी ने 163 रनों के बड़े अंतर से मैच अपने नाम किया। राधा माधव के पांच खिलाड़ी खाता भी नहीं खोल सके, जबकि दो खिलाड़ियों ने 1-1 रन बनाया। शिवम 10 और अमन ठाकुर 17 रन बना सके। मिशन एकेडमी के सुमन प्रशांत और प्रसाद ने 3-3 विकेट व शोहिब खान ने दो विकेट झटके। टूर्नामेंट के आठवें क्रिकेट मुकाबले में विद्या वर्ल्ड स्कूल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। इसमें अंकित नागर 23 रन, अभय सक्सेना के 30 रन, कुशाग्र मौर्या के 24 रन, लकी ने 18 रन, आयुष गंगवार ने 30 रन और कप्तान अमन कुमार ने नाबाद 38 रन बनाए। जवाब में सोबतीज पब्लिक स्कूल की टीम 16 ओवर में 85 रन बनाकर आलआउट हो गई, जिससे विद्या वर्ल्ड ने 125 रन से मैच जीता। विद्या वर्ल्ड स्कूल के गेंदबाज लकी ने 16वें ओवर करिश्माई गेंदबाजी किया, उन्होंने पहली गेंद पर दिव्यांश गंगवार को बोल्ड किया, तीसरी गेंद पर राजवंश सिंह को बोल्ड, चौथी गेंद पर देवांश मिश्रा को बोल्ड, पांचवीं गेंद पर आदित्य और छठवीं गेंद पर अनुज को एलबीडब्ल्यू करके पैवेलियन लौटा दिया।